XLRI in News
September 2018

PUBLICATION: Careers 360
DATE: September, 2018
PAGE: 8

IASCC-XLRI Leadership Conclave

INAUGURATION OF the 'Leadership Conclave'

Leadership Conclave, which was a two-day event hosted by Institute for Advanced Studies in Complex Choices (IASCC) and Xavier School of Management (XLRI), witnessed a discussion on the impact of continuously evolving environment on organisational, personal and public policy choices. The event saw the participation of industry leaders, economists, academicians and technologists. Bhavesh Shah, Senior Vice President of Finance, Johnson & Johnson and IASCC Board Member, stressed on the need to bridge the digital divide by leveraging technology in education and, healthcare and thereby providing equal opportunity for rural as well as urban areas. Anil K Sood, Professor and Founder, IASCC, said "We aim to build a strong social sciences' research programme in collaboration with like-minded organizations and professionals".

आर्थिक वृद्धि तेज के बावजूद सामाजिक विकास की गति कम : ज्यां द्रेज

एक्सएलआरआइ में पांचवे डॉ. वर्गीस कुरियर व्याख्यानमाला का आयोजन

जमशेदपुर : जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट-एक्सएलआरआइ में शनिवार को पांचवे डॉ. वर्गीस कुरियर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया है.

दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन अर्थशास्त्री डॉ. वर्गीस कुरियन, एक्सएलआरआइ के निदेशक फादर ई अब्राहम, डॉ. मधुकर शुक्ला व डीन एकेडमिक्स आशीष पाणि ने किया। मुख्य अतिथि का परिचय निदेशक फादर ई अब्राहम ने दिया। इसमें बतौर मुख्य वक्ता प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ. ज्यां द्रेज ने कहा कि सामाजिक असमानता के कारण आर्थिक वृद्धि तेज होने के बावजूद सामाजिक विकास की गति कम है। सामाजिक विकास के लिए मुनाफाबाजी छोड़नी होगी। सामाजिक विकास के लिए गरीब, शोषित, वंचित, पीड़ित को सशक्त करना होगा। समर्थ लोग अपनी सुविधाओं को छोड़ें। उन्होंने मुनाफाबाजी शब्द को स्पष्ट करते हुए कहा कि इसे नकारात्मक रूप से नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ. वर्गीस कुरियन आम लोगों के वैज्ञानिक थे। मैकेनिकल इंजीनियरिंग करने के बाद उनका रुझान डेयरी प्रोजेक्ट के प्रति नहीं बल्कि न्यूक्लियर इंजीनियरिंग की ओर ज्यादा था। भारत में आज भी इंजीनियरिंग, टेक्नोलोजी जैसे क्षेत्रों में रुझान है, डेयरी उत्पाद जैसे क्षेत्रों में नहीं। डेयरी के क्षेत्र में सहकारी आंदोलन शुरूकरने के बाद कुरियन ने भैंस के दूध का पाउडर तैयार कर दुनिया को अचंभित किया। आज सामाजिक विकास के लिए कुरियन जैसे कई सामाजिक वैज्ञानिकों की जरूरत है। जो उन्हीं की तरह मुनाफा को नहीं बल्कि किसी भी उत्पाद के मूल उत्पादकों का हित सोचें। उनके जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने की चिंता करें।

जीवन की गुणवत्ता का आधार है स्वास्थ्य

डॉ. ज्यां द्रेज ने कहा कि जीवन की गुणवत्ता का आधार स्वास्थ्य है। यदि डॉक्टर मुनाफा के लिए काम करने शेष पेज 7 पर

आर्थिक वृदिध तेज के -----

लगें तो मरीज को उनके शोषण से कैसे बचाया जा सकता है। कहा ज. 1 है- प्रीवेंशन इ- बेटर देन क्योर जबकि बाजारी चिकित्सा व्यवस्था क्योर इज बेटर देन प्रीवेंशन की सोच को लेकर चलती है। कई देशों में यूनिवर्सल हेल्थकेयर की व्यवस्था है।

इंग्लैंड व क्यूबा जैसे देशों में चिकित्सा, दवा सबकुछ मुफ्त है। कनाडा में यूनिवर्सल हेल्थ इंश्योरेंस की व्यवस्था है। थाइलैंड जैसे देश में सोशल इंश्योरेंस की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि भारत में शुरू हो रही आयुष्मान भारत योजना कोई खास उपयोगी नहीं दिख रही।

झारखंड में सामाजिक विकास की संभावनाएं अपार

पत्रकारों से बातचीत करते हुए अर्थशास्त्री ज्यां द्रेजे ने कहा कि झारखंड में सामाजिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। जरूरत है सही संभावनाओं की पहचान की सही तरीके से उनपर अमल करने की। झारखंड सहित देश में महिलाओं की पुरुषों पर आर्थिक निर्भरत कम करने के लिए उन्हें सशक्त करना होगा।

झारखंड में कृषि का विशाल क्षेत्र है लेकिन सौ-दो सौ साल पुरानी परंपरागत पद्धति से इसका अपेक्षित विकास नहीं हुआ। इस राज्य में कइ ऐसे संसाधन हैं जिन्हें बढ़ावा देकर लोगों को आर्थिक स्वावलंबी बनाया जा सकता है। इनमें कृषि, मछलीपालन, मधु, महुआ, लाह, जड़ी-बूटी सहित तमाम वनोपज व अन्य संसाधनों को बढ़ावा दे सामाजिक विकास किया जा सकता है।

PUBLICATION:Dainik Bhaskar,DB Star
DATE: 23 September 2018
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 2

एक्सएलआरआई में आयोजित पांचवां डॉ. वर्गीस कूरियन व्याख्यान में प्रो. ज्यां द्रेज बोले-

₹40 में टूथपेस्ट तक नहीं मिलता, इतनी राशि में बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने की बात करना सिर्फ छलावा

कृषि, मछली पालन, मधु, महुआ और जड़ी-बूटी को प्रोत्साहित करने से बदल जाएगी झारखंड की तस्वीर



एक्सएलआरआई में व्याख्यान देते अर्थशास्त्री प्रो. ज्यां द्रेज।

सिटी रिपोर्टर • जमशेदपुर

संप्रग सरकार की मनरेगा का खाका तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले अर्थशास्त्री प्रो. ज्यां द्रेज ने कहा- एनडीए सरकार की आयुष्मान भारत योजना यूनिवर्सल हेल्थ केयर के नाम पर छलावा है। इस योजना के तहत 10 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ देने की बात कही गई है। सरकार की ओर से जो राशि प्रस्तावित की गई है वह प्रति व्यक्ति 40 रुपए है। अभी भारत में इतनी राशि में बड़ा टूथपेस्ट नहीं मिलता है। ऐसे में बेहतर इलाज कहां से होगा?

इंगलैंड, क्यूबा, कनाडा में यूनिवर्सल हेल्थ केयर चलता है जो दुनिया के लिए माइल स्टोन है। हेल्थ केयर में बीपीएल, एपीएल, लाल कार्ड नहीं होता है। वे शनिवार को टाटा ऑडिटोरियम में एक्सएलआरआई की ओर से आयोजित डॉ. वर्गीस कूरियन मेमोरियल ऑरिएंटेशन ऑन सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर आयोजित व्याख्यान में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले डॉ. द्रेज, एक्सएलआरआइ के निदेशक फादर ई. अब्राहम, डॉ. मधुकर शुक्ला व डीन एकेडमिक आशीष पाणि ने व्याख्यानशाला का शुभारंभ किया।

वैज्ञानिकों का सामाजिक विकास की ओर रुझान नहीं होने से 40 साल पहले की साइकिल चल रही है भारत में

ज्यां ने कहा - *देश की आर्थिक वृद्धि तेज होने के बावजूद सामाजिक विकास की गति धीमी है। प्रमुख कारण सामाजिक असमानता। साथ ही देश के वैज्ञानिकों का इस ओर रुझान नहीं होना। 40 साल पहले जो भारत की जो स्थिति थी, आज भी वैसी ही है। जबकि इसमें बेहतरी की गुंजाइश है। चाइना में हुआ भी है। देश के मोची, पकौड़ा बेचने वाले, खेती करने वाले लोगों की स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। सामाजिक विकास के लिए मुनाफाबाजी छोड़नी होगी। मुनाफाबाजी शब्द को भी उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि इसे नकारात्मक रूप से नहीं लेना चाहिए। समर्थ लोग अपनी सुविधाओं को छोड़ें। डॉ. वर्गीस कुरियन आम लोगों के वैज्ञानिक थे। मैकेनिकल इंजीनियरिंग करने के बाद उनका रुझान डेयरी प्रोजेक्ट के प्रति नहीं बल्कि न्यूक्लियर इंजीनियरिंग की ओर ज्यादा था। भारत में आज भी इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में रुझान है, डेयरी उत्पाद जैसे क्षेत्रों में नहीं। डेयरी के क्षेत्र में सहकारी आंदोलन शुरू करने के बाद कुरियन ने भैंस के दूध का पाउडर तैयार कर दुनिया को अचंभित किया।*

बेल्जियम में जन्मे ज्यां द्रेज वर्ष 1979 से भारत में रह रहे हैं। 2002 में इन्हें भारत की नागरिकता मिली।

इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया, नई दिल्ली से पीएचडी की पढ़ाई पूरी करने वाले ज्यां अभी दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, रांची यूनिवर्सिटी सहित दुनिया के कई विख्यात यूनिवर्सिटी में वे विजिटिंग लेक्चरर के तौर पर काम कर रहे हैं। झारखंड के सामाजिक उत्थान के संदर्भ में उन्होंने कहा- यहां कृषि का विशाल क्षेत्र है लेकिन सौ-दो सौ साल पुरानी परंपरागत पद्धति से इसका अपेक्षित विकास नहीं हुआ। इस राज्य में कइर ऐसे संसाधन हैं जिन्हें बढ़ावा देकर लोगों को आर्थिक स्वावलंबी बनाया जा सकता है।

PUBLICATION:Dainik Bhaskar,DB Star
DATE: 29 September 2018
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 2

एक्सएलआरआई ने मात्र दो दिन में पूरा किया समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट प्रोसेस

एक्सएलआरआई का एसआईपी पूरा, 362 को जॉब ऑफर, अधिकतम ₹19.80 लाख का पैकेज मिला

सिटी रिपोर्टर • जमशेदपुर

एक्सएलआरआई ने सत्र 2018-20 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट प्रोसेस (एसआईपी) दो दिनों में ही पूरा कर लिया है। 362 विद्यार्थियों वाले बैच ने शत-प्रतिशत प्लेसमेंट पाया है।

इसमें अधिकतम प्लेसमेंट स्टाइपेंड 1.65 लाख रुपए प्रतिमाह मिली है। अधिकतम 19 लाख 80 हजार रुपए का सालाना पैकेज है। इसमें कंसल्टिंग, फायनेंस, सेल्स और मार्केटिंग, संचालन, बिजनेस डेवलेपमेंट, मानव संसाधन और औद्योगिक संबंध (आईआर) सहित 95 से अधिक कंपनियों की भागीदारी की। इस वर्ष बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप, एटी कीर्नी, एक्सेंचर स्ट्रैटेजी, ईवाई, डेलॉइट, केपीएमजी और पीडब्ल्यूसी ने कंसल्टिंग डोमेन से भर्ती की। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप ने 13 उम्मीदवारों को जॉब ऑफर किया। छात्रों ने पी एंड जी, आरबी और जॉनसन एंड जॉनसन में प्रतिष्ठित संचालन भूमिकाओं में प्लेसमेंट सुरक्षित किए।

साथ ही, पी एंड जी, कोलगेट पामोलिव, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, नेस्ले, आरबी जॉनसन एंड जॉनसन, मॉंडेलेज, कोका कोला, पेप्सी, आईटीसी इंडिया और एबी इनवेब एफएमसीजी सेक्टर के नियमित गोल्डमैन सैक्स, एचएसबीसी, एवेंडस कैपिटल, जेपी मॉर्गन चेस, सिटी बैंक, कोटक वेल्थ, मैत्रेई कैपिटल एडवाइजर्स, आईसीआईसीआई बैंक, यस बैंक और एडलवाइस ने वित्तीय सेवा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। टाटा प्रशासनिक सेवाएं, आदित्य बिड़ला समूह, आरपी गोयनका, महिंद्रा और भारती एयरटेल समूह ने सामान्य प्रबंधन भूमिका की पेशकश की। जनरल इलेक्ट्रिक, शैल, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स, भारती एयरटेल और स्टार ने भी उम्मीदवारों को ऑफर बढ़ाया।

> समर इंटर्नशिप के लिए इस वर्ष छात्रों को बेहतर अवसर मिले हैं। एक बार फिर से बड़ी कंपनियों ने एक्सएलआरआई ब्रांड और उसके छात्रों पर भरोसा जताया है। समर इंटर्नशिप से विद्यार्थियों के साथ ही कंपनियों को भी लाभ मिलेगा।
>
> - उदय दमोदरन, प्रोफेसर, एक्सएलआरआई।

PUBLICATION:Dainik Jagran
DATE: 17 September 2018
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 2

एक्सएलआरआइ में जॉय ऑफ गिविंग दो अक्टूबर से

जासं, जमशेदपुर : एक्सएलआरआइ-जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट जमशेदपुर के तत्वावधान में दो से आठ अक्टूबर तक जॉयफेस्ट 'दान उत्सव' का आयोजन किया गया है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को दान के महत्व को बताना है। दानोत्सव का थीम' गरिमा के लिए दान करें" रखा गया है। इसके तहत दान को इकट्ठा कर जरूरतमंदों में बांटना है। इसके तहत आप कुछ भी दान कर सकते हैं, जैसे - कप, कंबल और शाल का दान अन्न-दान, दवा आदि शामिल है।

PUBLICATION: Dainik Jagran,City
DATE: 23 September 2018
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 2

विकास मुनाफाबाजी से नहीं

ज्यां द्रेज बोले-सामाजिक विकास को चाहिए डॉ. कुरियन जैसे कई वैज्ञानिक

जागरण संवाददाता, जमशेदपुर : यह सोचने की बात है कि देश की आर्थिक वृद्धि तेज होने के बावजूद सामाजिक विकास की गति कम क्यों है? इसका प्रमुख कारण है सामाजिक असमानता। सामाजिक विकास के लिए मुनाफाबाजी छोड़नी होगी। विकास के लिए गरीब, शोषित, वंचित, पीड़ित को सशक्त करना होगा। यह कहना था प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ. ज्यां द्रेज का।

जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट-एक्सएलआरआइ में शनिवार को पांचवे डॉ. वर्गीस कुरियन व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता उन्होंने मुनाफाबाजी शब्द को स्पष्ट करते हुए कहा कि इसे नकारात्मक रूप से नहीं लेना चाहिए। समर्थ लोग अपनी सुविधाओं को छोड़ें। कहा कि डॉ. वर्गीस कुरियन आम लोगों के वैज्ञानिक थे। मैकेनिकल इंजीनियरिंग करने के बाद उनका रुझान डेयरी प्रोजेक्ट के प्रति नहीं बल्कि न्यूक्लियर इंजीनियरिंग की ओर ज्यादा था। भारत में आज भी इंजीनियरिंग, टेक्नोलोजी जैसे क्षेत्रों में रुझान है, डेयरी उत्पाद जैसे क्षेत्रों में नहीं। डेयरी के क्षेत्र में सहकारी आंदोलन शुरू करने के बाद कुरियन ने भैंस के दूध का पाउडर तैयार कर दुनिया को अचंभित किया। सामाजिक विकास के लिए कुरियन जैसे कई सामाजिक वैज्ञानिकों की जरूरत है। जो उन्हीं की तरह मुनाफा को नहीं बल्कि किसी भी उत्पाद के मूल उत्पादकों का हित सोचें। बेल्जियम में जन्में प्रसिद्ध सामाजिक अर्थशास्त्री डॉ. ज्यां द्रेज ने हिंदी में अपना संबोधन देकर सभी को चकित कर दिया। उन्होंने अपना संबोधन शुरू करते ही कहा कि वे हिंदी में बोलना चाहते हैं।

इसके पूर्व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन अर्थशास्त्री डॉ. वर्गीस कुरियन, एक्सएलआरआइ के निदेशक फादर ई अब्राहम, डॉ. मधुकर शुक्ला व डीन एकेडमिक्स आशीष पाणि ने किया। मुख्य अतिथि का परिचय निदेशक फादर ई अब्राहम ने दिया।

अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज ने कहा कि झारखंड में सामाजिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। जरूरत है सही संभावनाओं की पहचान की, सही तरीके से उनपर अमल करने की।

शनिवार को एक्सएलआरआई में व्याख्यान के दौरान अर्थशास्त्री डॉ. ज्यां द्रेज ● जागरण

स्वास्थ्य जीवन की गुणवत्ता का आधार

डॉ. ज्यां द्रेज ने कहा कि जीवन की गुणवत्ता का आधार स्वास्थ्य है। वर्तमान बाजार प्रणाली में इस क्षेत्र में बेहतरी की उम्मीद कम है। यदि डॉक्टर मुनाफा के लिए काम करने लगें तो मरीजों को उनके शोषण से कैसे बचाया जा सकता है। कहा जाता है- प्रीवेंशन इज बेटर देन क्योर जबकि बाजारी चिकित्सा व्यवस्था क्योर इज बेटर देन प्रीवेंशन की सोच को लेकर चलती है। कई देशों में यूनिवर्सल हेल्थकेयर की व्यवस्था है। इंग्लैंड व यूरोप जैसे देशों में चिकित्सा, दवा सबकुछ मुफ्त है। कनाडा में यूनिवर्सल हेल्थ इंश्योरेंस की व्यवस्था है। थाइलैंड जैसे देश में सोशल इंश्योरेंस की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि भारत में शुरू हो रही आयुष्मान भारत योजना कोई खास उपयोगी नहीं दिख रही।

PUBLICATION: Dainik Jagran
DATE: 20 September 2018
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 8

व्याख्यान में शामिल हुए एक्सएलआरआइ के छात्र

कोलकाता में नेशलन लेक्चर में शामिल होनेवाले एक्सएलआरआइ के छात्र ● जागरण

जासं, जमशेदपुर : कोलकाता में छठे अवनीश देव मेमोरियल लेक्चर का आयोजन किया गया। इसमें सफायर-एक्सएलआरआइ के छात्रों ने भी प्रमुखता से हिस्सा लिया। रीडिफाइनिंग इम्प्लाइ रिलेशन इन डिजिटल ऐज विषय पर हुए पैनल डिस्कशन में देशभर के विभिन्न बिजनेस स्कूलों के छात्र शामिल हुए। इसके पैनल में एक्सएलआरआइ के छात्र भी थी। दर्शकों की ओर से इम्प्लाइ रिलेशन से जुड़े कई सवाल पूछे गए जिनका इन छात्रों ने काफी समझदारी से जवाब दिया। लेक्चर सत्र का आयोजन मारूति सुजुकी व एक्सआइएसएस रांची की ओर से संयुक्त रूप से 2012 में मारूति के मानेसर प्लांट में हुई घटना की स्मृति में किया गया। इसमें विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों के अलावा बिजनेस स्कूल के छात्रों ने भाग लिया।

PUBLICATION: Dainik Jagran
DATE: 21 September 2018
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 17

सोशल स्टार्टअप प्लान के तहत मिले आइडिया में 18 का हुआ चयन, प्रेजेंशन शुक्रवार को

जनहित जागरण सिटी पिच आज एक्सएलआरआइ में

XLRI Xavier School of Management
For the greater good

जागरण संवाददाता, जमशेदपुर : दैनिक जागरण जनहित जागरण के सात सरोकारों पर सामाजिक उद्यमशीलता के जरिये राष्ट्र निर्माण की कोशिश में जुटा है। सोशल स्टार्टअप प्लान के तहत कई प्रतिभागियों ने अपने आइडिया और स्टार्ट-अप प्लान को भेजा है।

जमशेदपुर सिटी पिच में शामिल करने के लिए चयनित प्रविष्टियों को 21 सितंबर को ज्यूरी के सामने अपने स्टार्ट-अप और आइडिया प्रस्तुत करने का मौका दिया जाएगा। इसके बाद सफल प्रतिविष्ट्रियों को जनहित जागरण की तरफ से वित्तीय सहयोग मिलेगा। जनहित जागरण के सिटी पिच का आयोजन 21 सितंबर को एक्सएलआरआइ में एलसी-1, लेक्चर हॉल 6 में शाम तीन बजे से किया जाएगा। इसमें शामिल होनेवाले प्रतिभागियों को ढाई बजे तक आयोजन स्थल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। शॉर्टलिस्टेड प्रतिभागियों को इसमें अपने प्रोजेक्ट का प्रेजेंटेशन देना होगा। सोशल स्टार्टअप प्लान के तहत सैकड़ों प्रविष्टियां आइडिया के रूप में प्राप्त हुई थी। इनमें 18 का चयन किया गया है जिनका प्रेजेंशन शुक्रवार को होना है। इसमें जहां व्यक्तिगत रूप से प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा वहीं सफल प्रविष्टियों को वित्तीय सहयोग भी दिया जाएगा।

शुभम गौतम व अमित शेखर होंगे ज्यूरी

शॉर्टलिस्टेड संस्थाओं व प्रतिभागियों के प्रेजेंटेशन के दौरान ज्यूरी की भूमिका में शुभम गौतम व अमित शेखर होंगे। शुभम गौतम टफ होप कंसल्टेंसी में बतौर प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव कार्यरत हैं। वहीं बीएचयू के आइआइटीयन रहे अमित शेखर माइंडरॉक्स के सह संस्थापक हैं।

तैयारी पूरी

- दोपहर 3 बजे से एक्सएलआरआइ के एलसी-1, लेक्चर हॉल 6 में कार्यक्रम
- व्यक्तिगत रूप से सभी को प्रतिभा दिखाने का मिलेगा मौका
- सफल प्रविष्टियों को मिलेगा वितीय सहयोग, आयोजन की तैयारी पूरी

शॉर्टलिस्टेड संस्थाओं के संचालकों की सूची

प्रहलाद ठाकुर, पार्वती ठाकुर, अमिताभ शर्मा, रुपेश कुमार, संतोष शर्मा, उदित विशाल, प्रमोद कुमार सिंह।

व्यक्तिगत प्रतिभागियों की सूची

अमृत अंशुमान, सागर भट्ट, श्रीरंग देशपांडे, पी आनंद, बिश्वजीत प्रसाद, सौरव माझी, सुदीप्ता घोषदास, डॉ. स्वप्नेश्वर साहू, अभिषेक जेना।

स्टार्टअप के प्रतिभागी

अजीत कुमार।

फोटो खिंचाने की होड़ : स्वच्छता ही सेवा के तहत गुरुवार को उपायुक्त अमित कुमार मानगो में सफाई करने पहुंचे। उनके साथ फोटो खिंचाने की होड़ मच गई। एक ही साफ-सुथरी जगह पर चार-पांच लोगों ने झाड़ू अड़ा कर फोटो खिंचा ली • युगल किशोर

रिफ्लेक्शंस में पढ़ाई को लेकर तनाव पर हुई चर्चा

जागरण संवाददाता, जमशेदपुर : यह एक गंभीर विषय था, जिसपर शहर के स्कूलों के बच्चों के साथ शिक्षकों और उनके अभिभावकों ने मिलकर चर्चा की। जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट-एक्सएलआरआइ के टीम सामर्थ्य की मेजबानी में गुरुवार को सालाना कार्यक्रम रिफ्लेक्शंस का इस बार का थीम ही पढ़ाई में तनाव था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों का जोड़ीदार उन अभिभावकों को बनाया गया जो आपस में परिचित नहीं थे। बच्चों को यह खुलकर बताना था कि वे पढ़ाई के संबंध में क्या तनाव महसूस करते हैं। कार्यक्रम में 53 प्रतिभागी शामिल हुए। इनमें 8 शिक्षक व 18 अभिभावक थे। शिक्षक व अभिभावकों ने अपने पढ़ाई के दिनों को याद करते हुए बताया कि वे किस तरह के तनाव का सामना करते थे। उससे किस तरह निबटते थे। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे भी अपनी भावना को साझा करें। इसके बाद अपनी-अपनी सक्सेस स्टोरी के जरिए छात्रों को उत्साहित करने का प्रयास किया गया। सामर्थ्य की सचिव प्रज्ञा पारामिता साहू ने कहा कि रिफ्लेक्शंस एक ऐसा आयोजन है जो बच्चों, अभिभावकों व शिक्षकों के बीच संवादहीनता को दूर करने का काम करता है। तीनों के बीच खाई को पाटने के लिए सामर्थ्य की ओर से एक अलग तरह का एप्रिशिएटिव इंक्वायरी फारमेट तैयार किया गया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इंग्लिश लैंग्वेज टीचर्स एसोसिएशन की संस्थापक अध्यक्ष जयंती शेषाद्री ने की। उन्होंने भी अपने स्कूली दिनों के बारे मे बताया कि किस तरह असफलता के बाद मेहनत से आगे बढ़ीं।

PUBLICATION: Dainik Jagran
DATE: 29 September 2018
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 2

समर इंटर्नशिप, अधिकतम 1.65 लाख स्टाइपेंड

एक्सएलआरआइ में दो दिनों में पूरी कर ली गई प्लेसमेंट प्रक्रिया

जागरण संवाददाता, जमशेदपुर : एक्सएलआरआइ - जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में सत्र 2018-20 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट प्रोसेस (एसआइपी) की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस बार एसआइपी महज दो दिनों में ही पूरी कर ली गई। इसमें 362 छात्रों वाले बैच ने शत-प्रतिशत प्लेसमेंट पाया है। इसमे अधिकतम प्लेसमेंट स्टाइपेंड 1.65 लाख रुपये प्रतिमाह का प्रस्ताव किया गया है।

95 कंपनियों ने लिया भाग : इस बार एसआइपी प्रक्रिया में कंसल्टिंग, फाइनेंस, सेल्स और मार्किटिंग, संचालन, बिजनेस डेवलेपमेंट, मानव संसाधन और औद्योगिक संबंध (आइआर) सहित 95 से अधिक कंपनियों की भागीदारी की। इस वर्ष बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप, एटी कीर्नी, एक्सेंचर स्ट्रेटजी, ईवाई, डेलोइट, केपीएमजी और पीडब्ल्यूसी ने कंसल्टिंग डोमेन से भर्ती की। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप ने 13 उम्मीदवारों को नियुक्त किया। छात्रों ने पी एंड जी, आरबी और जॉनसन एंड जॉनसन में प्रतिष्ठित संचालन भूमिकाओं में प्लेसमेंट के लिए अपने स्थान सुरक्षित किए।

प्लेसमेंट

- 362 छात्रों वाले बैच का शत फीसद हुआ प्लेसमेंट, प्रबंधन उत्साहित
- बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप ने 13 उम्मीदवारों को नियुक्त किया

इसके साथ ही पी एंड जी, कोलगेट पामोलिव, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, नेस्ले, आरबी जॉनसन एंड जॉन्सन, मोंडेलेज, कोका कोला, पेप्सी, आइटीसी इंडिया और एबी इनबेव एफएमसीजी सेक्टर के नियमित गोल्डमैन सैक्स, एचएसबीसी, एवेंडस कैपिटल, जेपी मॉर्गन चेस, सिटीबैंक, कोटक वेल्थ, मैत्रेई कैपिटल एडवाइजर्स, आइसीआइसीआई बैंक, वस बैंक और एडलवाइस ने वित्तीय सेवा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

टाटा प्रशासनिक सेवाएं, आदित्य बिड़ला समूह, आरपी गोयनका, महिंद्रा और भारती एयरटेल समूह ने सामान्य प्रबंधन भूमिका के लिए छात्रों के सामने पेशकश की। जनरल इलेक्ट्रिक, शैल, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स, भारती एयरटेल और स्टार ने भी उम्मीदवारों को ऑफर बढ़ावा।

> समर इंटर्नशिप के लिए इस वर्ष बेहतर अवसर मिले हैं। एक्सएलआरआइ ब्रांड और हमारे छात्र समुदाय में अपने विश्वास के कारण कंपनियों ने भरोसा जताया है। समर इंटर्नशिप से कंपनियों और विद्यार्थियों को साझा लाभ मिलेगा।
>
> **उदय दमोदरन,** प्रोफेसर एक्सएलआरआइ।

PUBLICATION: Hindustan
DATE: 17 September 2018
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 2

दान उत्सव आयोजित करेगा एक्सएलआरआई

जमशेदपुर (वसं.)। एक्सएलआरआई मैनेजमेंट कॉलेज की सिग्मा इकाई की ओर से दो से आठ अक्तूबर को दान उत्सव आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी एक्सएलआरआई की ओर से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया गया कि इस दान उत्सव के माध्यम से शहरवासियों को गरीब व जरूरतमंदों के लिए दान करने के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस दान उत्सव से शहर के स्कूलों, कॉरपोरेट घरानों, एनजीओ, विभिन्न समुदायों, आम लोगों आदि को भी जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

PUBLICATION: Hindustan
DATE: 21 September 2018
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 2

खेल-खेल में जाना तनाव की वजह

जमशेदपुर | **संवाददाता**

एक्सएलआरआई की सामर्थ्य टीम की ओर से सालना कार्यक्रम रिफ्लेक्शन गुरुवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अलग-अलग स्कूलों के विद्यार्थी अपने शिक्षकों और अभिभावकों के साथ शामिल हुए। इस कार्यक्रम का विषय 'शिक्षा क्षेत्र में तनाव' था।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों की टीम बनाई गई। टीम के सदस्य एक दूसरे को नहीं जानते थे। इस दौरान अभिभावकों और शिक्षकों से उनके विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को साझा करने को कहा गया और इस दौरान उपजे समस्या व समाधान पर चर्चा हुई। सामने आए सफलता की कहानियों का मूल्यांकन करने के लिए कहा गया। छात्रों को उनके जीवन में इन सफल कहानियों के पाठों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान सामर्थ्य टीम की सचिव प्रज्ञा परमिता साहू ने कहा रिफलेक्शन का मकसद छात्रों, माता-पिता व शिक्षकों के बीच संवादहीनता को दूर करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जमशेदपुर के अंग्रेजी भाषा शिक्षक संघ के संस्थापक सचिव जयंती शेषाद्री ने की। इस दौरान जयंती ने अपने स्कूल के दिनों के बारे में बात की। उन्होंने छात्रों को एक पेशे के रूप में शिक्षण का महत्व बताया।

एक्सएलआरआई की सामर्थ्य टीम की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

PUBLICATION:Hindustan
DATE: 23 September 2018
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 2

एक्सएलआरआई में अर्थशास्त्री डॉ. ज्यां द्रेज बोले - असमानता से हमें हर हाल में मुक्त होना होगा

सामाजिक विकास में मुनाफाबाजी बड़ी बाधा

जमशेदपुर | संवाददाता

सामाजिक विकास के लिए मुनाफाबाजी बड़ी बाधा है। सरकार, कंपनियों और संस्थाओं को अत्यधिक मुनाफाबाजी से बाहर निकलना होगा। भूख, असमानता, हिंसा, असुरक्षा, बीमारी से मुक्ति के लिए यह बेहद जरूरी है, यह कहना था प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ. ज्या द्रेज का।

एक्सएलआरआई में शनिवार को आयोजित पांचवां डॉ. वर्गीस कूरियन मेमोरियल ऑरिएंटेशन ऑन सस्टेनेबल डेवलपमेंट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. ज्यां द्रेज ने कहा कि देश के इंजीनियर साफ्टवेयर, मोबाइल बनाने में जुटे है, वहीं इनके स्थान पर कृषि, पशुपालन, वन और स्थानीय संपदा को विकसित करने में समय लगाते तो देश का विकास और तेज गति से होगा। देश को स्वर्गीय डॉ. वर्गीस कूरियन जैसे इंजीनियरों की जरूरत है, जिन्होंने लाभ-हानि के सौदे को छोड़कर सामाजिक विकास की सोच रखी। कार्यक्रम के दौरान एक्सएलआरआई के निदेशक फादर ई अब्राहम, डीएन एकेडमिक्स डॉ. एके पाणि और प्रोफेसर मधुकर शुक्ला भी अपने विचार रखा।

एक्सएलआरआई में शनिवार को डॉ. वर्गीस कूरियन मेमोरियल ऑरिएंटेशन ऑन सस्टेनेबल डेवलपमेंट कार्यक्रम को संबोधित करते प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ. ज्यां द्रेज।

परंपरागत पेशा व जरूरत में तकनीकी विकास नहीं : भारत में आज भी परंपरागत पेशा वैसा ही है, जैसा कि 40 साल पहले। लोहार, मोची और साइकिल पंचर बनाने वाले आज भी पुराने तकनीक से ही काम कर रहे है। आज भी भारत में साइकिल तक में तकनीकी विकास नहीं हुआ, जबकि चीन में दस करोड़ से ज्यादा इलेक्ट्रिक साइकिल चलती है। इस दिशा में सोचने की जरूरत है।

व्याख्यान की मुख्य बातें

- हिन्दी में दिया भाषण, कहा अंग्रेजी बोलने वाले हिन्दी को दे जगह
- गरीब दलित और वंचित के लिए विशेषाधिकार का त्याग करें उच्च वर्ग
- आर्थिक स्वालंबी होने पर ही महिलाओं को मिलेगी समानता
- आमलोगों का वैज्ञानिक होना मुनाफाबाजी छोड़ना, सहकारिता से होगा सामाजिक विकास
- जीडीपी के एक दो अंक से घटाव - बढ़ाव से आर्थिक विकास आंकना बेमानी
- स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा सरकार का दायित्व है
- पीडीसी व्यवस्था से निजी डीलरों को अलग करना जरूरी

आयुष्मान भारत के लिए चाहिए ज्यादा बजट

अर्थशास्त्री द्रेज ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना में दो हजार करोड़ रुपये का बजट प्रावधान काफी कम है। 10 करोड़ परिवार के 50 करोड़ लोगों को सही तरीके से योजना का लाभ देने के लिए प्रति वर्ष 50 हजार करोड रुपये की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 40 रुपये में टूथपेस्ट नहीं मिल पा रहा है, वहीं सरकार 50 करोड़ लोगों के हिस्से में प्रति व्यक्ति 40 रुपये ही आ रहे है।

संसाधनों का इस्तेमाल नहीं

झारखंड में खेती पुराने विधि से हो रही है। पशु, बांस, तेंदु पत्ता, मधु जैसे संपदाओं के विकास और इन्हे उद्योग के रूप में विकसित नहीं किया जा रहा है। सहकारी संस्थाएं बेहतर कर सकती है। कृषि में सहकारी संस्थाओं की जरूरत है सुविधाओं की नहीं।

PUBLICATION:Hindustan
DATE: 29 September 2018
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 3

एक्सलर्स का शत- प्रतिशत हुआ समर प्लेसमेंट

जमशेदपुर | संवाददाता

देश के प्रसिद्ध प्रबंध संस्थान एक्सएलआरआई ने सत्र 2018-20 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित समर इंटर्नशिप प्लेसमेंट प्रोसेस (एसआईपी) महज दो दिनों में ही पूरी कर ली। 362 छात्रों वाले बैच ने शत प्रतिशत प्लेसमेंट पाया है। इसमे अधिकतम प्लेसमेंट स्टाइपेंड 1.65 लाख रुपये प्रतिमाह मिली है।

इस बार एसआईपी प्रक्रिया में कंसल्टिंग, फायनेंस, सेल्स और मार्किटंग, संचालन, बिजनेस डेवलेपमेंट, मानव संसाधन और औद्योगिक संबंध (आईआर) सहित 95 से अधिक कंपनियों की भागीदारी की। इस वर्ष बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप, एटी कीर्नी, एक्सेंचर स्ट्रैटेजी, ईवाई, डेलोइट, केपीएमजी और पीडब्ल्यूसी ने कंसल्टिंग डोमेन से भर्ती की। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप ने 13 उम्मीदवारों को नियुक्त किया। छात्रों ने पी एंड जी, आरबी और जॉनसन एंड जॉनसन में प्रतिष्ठित संचालन भूमिकाओं में प्लेसमेंट सुरक्षित किए।

इसके साथ ही पी एंड जी, कोलगेट पामोलिव, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, नेस्ले, आरबी जॉनसन एंड जॉन्सन, मोंडेलेज़, कोका कोला, पेप्सी, आईटीसी इंडिया और एबी इनबेव एफएमसीजी सेक्टर के नियमित गोल्डमैन सैक्स, एचएसबीसी, एवेंडस कैपिटल, जेपी मॉर्गन चेस, सिटीबैंक, कोटक वेल्थ, मैत्रेई कैपिटल एडवाइजर्स, आईसीआईसीआई बैंक, यस बैंक और एडलवाइस ने वित्तीय सेवा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

टाटा प्रशासनिक सेवाएं, आदित्य बिड़ला समूह, आरपी गोयनका, महिंद्रा और भारती एयरटेल समूह ने सामान्य प्रबंधन भूमिका की पेशकश की।

PUBLICATION: Khabar Mantra
DATE: 23 September 2018
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 3

देश में मिल्कमैन के नाम से जाने जाते हैं डॉ बर्गीस : फादर अब्राहम

■ एक्सएलआरआइ में सतत् विकास पर पांचवां डॉ बर्गीस कुरियन स्मृति व्याख्यानमाला

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। एक्सएलआरआइ के टाटा सभागार में सतत विकास पर पांचवां डॉ बर्गीस कुरियन व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रतिष्ठित विकास कार्यकर्ता और अर्थशास्त्री डा जीन ड्रेज, ने 'आर्थिक विकास और सामाजिक विकास' विषय पर व्याख्यान दिया।

एक्सएलआरआइ के निदेशक फादर ई अब्राहम, एस जे और डीन डा आशीष के पानी और डा मधुकर शुक्ला, अध्यक्ष, फ ादर आर्किओ सेंटर फॉर इकोलोजी एंड सस्टेनेबिलिटी, एक्सएलआरआई मंच पर उपस्थित थे।

व्याख्यानमाला में एक्सएलआरआइ के निदेशक फादर ई अब्राहम, एस जे ने कहा, ''देश में लाखों लोगों के जीवन में लाए गए बदलाव के लिए डा कुरियन को हमेशा कृतज्ञता के साथ याद किया जाएगा। हमें डा वर्गीस कुरियन के अत्यधिक योगदान के लिए एक सहकारी दूध आंदोलन शुरू करने में मदद करने के लिए अत्यधिक दूरदर्शी दृष्टि को स्वीकार करना चाहिए जिसने भारत को पूरी दुनिया में सबसे बड़े दूध उत्पादक देश में बदल दिया और मदद करके आगे एकीकरण व्यवसाय मॉडल को आकार दिया देश के सबसे बड़े एकल खाद्य ब्रांड के रूप में । इस प्रक्रिया में, हमने डेयरी सेक्टर में भारत के लिए आत्मनिर्भरता हासिल की है जो हमारे देश को वैश्विक डेयरी मानचित्र पर प्रतिष्ठा की स्थिति की ओर अग्रसर करता है। डा कुरियन के समुदाय के स्वामित्व वाले सहकारी समितियों के निर्माण ने लाखों ग्रामीण परिवारों को सशक्त बनाया, जिनमें से अधिकतर भारत में भूमिहीन और छोटे किसान थे। ''



कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ जीन ड्रेज।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते फादर अब्राहम। साथ में खड़े हैं-मधुकर शुक्ला, डॉ जीन ड्रेज और डॉ आशीष कुमार पानी।

फादर अब्राहम ने आगे कहा कि ''हमने ड कुरियन की विरासत को मनाने के लिए इस वार्षिक अरेशन को स्थापित करने का निर्णय लिया - क्योंकि उसका जीवन और कार्य एक जिम्मेदार प्रबंधन नेता के लिए मडल का उदाहरण है, जो समाज के बड़े अच्छे और राष्ट्र निर्माण के साथ व्यावसायिक कौशल को जोड़ता है।

अब्राहम ने आगे कहा, ''डॉ कुरियन के साथ एक्सएलआरआई का रिश्ता 24 साल से अधिक हो गया है। मैं व्यक्तिगत रूप से डा कुरियन के साथ एक समृद्ध सहयोग था और डेयरी सेक्टर के लिए अपनी दृष्टि को निष्पादित करने में उनके दूरदर्शी दूरदर्शिता और एकल दिमागी दृढ़ संकल्प से काफी प्रभावित था और अधिक महत्वपूर्ण रूप से हजारों गांवों में लाखों ग्रामीण दूध उत्पादकों के जीवन स्तर को बढ़ाने में मदद करने में मदद करता था।

राज्य को कई डॉ कूरियन की जरूरत : डॉ जीन ड्रेज

अपने भाषण में डॉ जीन ड्रेज ने कहा, ''चार दशकों से मैंने देखा है कि भारत को कई लोगों के वैज्ञानिकों और डा कुरियन जैसे लोगों के तकनीशियनों की जरूरत है जो रोजमर्रा की तकनीक और लोगों की बुनियादी जरूरतों में रुचि लेते हैं और न केवल परिष्कृत तकनीक जैसे बयोमीट्रिक्स और त्रिम बुद्धि। रोजमर्रा की तकनीक में इस असंतोष का नतीजा रोजमर्रा की प्रौद्योगिकियों के उल्लेखनीय ठहराव और संगत व्यवसायों की पूरी श्रृंखला का अस्तित्व है जो स्थिर व्यवसायों के रूप में वर्णित किया जा सकता है क्योंकि वे कई दशकों तक समान या कम होते हैं। उदाहरण के लिए झारखंड में पूरे ग्रामीण क्षेत्र, इतने सारे स्थानीय संसाधनों के बावजूद इस तरह के स्थिर व्यवसाय में खो गए हैं उदाहरण के लिए मशरूम, शहद, तेंदु, महुआ इत्यादि। लोगों की आजीविका और कल्याण में सुधार करने के लिए, पर्यावरण के प्रकार के बिना विनाश जिसे हम आज देख रहे हैं हमें कई और डा कुरियंस की जरूरत है।

PUBLICATION: Pioneer
DATE: 17 September 2018
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 2

CII-Young Indians to organise Innovation Conclave

PNS ■ JAMSHEDPUR

CII-Young Indians (YI) is gearing up to organise a mega event Innovation Conclave on September 29 at Adityapur Auto Cluster. About 18 innovators will get an opportunity to showcase their ideas and products (prototype) in this conclave and attract investors. Dibyanshu Sinha, chair of YI Jharkhand chapter said that XLRI, JUSCO and Tata Steel is also collaborating the event.

The objective is to help innovators to turn their ideas into successful business ideas. Sinha informed that experts from various areas are being invited the event.

He highlighted the significance of innovation in the current economic ecosystem. He further mentioned that working ideas have had exemplary support from the government, which has made India an innovation hub.

He added that backed by an overall national consensus in favor of adopting a growth oriented model around innovation and entrepreneurship, the time is ripe to implement right policies and initiatives. He also added that innovation driven start-ups need recognition and promotion so that not only they prosper, but their peers and competitors are also motivated to adopt innovation as the key driver for their business growth.

PUBLICATION: Pioneer
DATE: 17 September 2018
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 4

XLRI to organise 'Daan Utsav' under 'Joy of Giving'

Prof Madhukar Shukla addresses a meeting at XLRI PNS

PARVINDER BHATIA ■
JAMSHEDPUR

XLRI- Xavier School of Management is organising the Jamshedpur Joy Fest- 'Daan Utsav' from October 2 to 8 in association with SIGMA (Social Initiative Group for Managerial Assistance).

Prof Madhukar Shukla, the brain behind the initiative, said that this festival aims at engaging the entire city of Jamshedpur for the noble cause of donating (Daan) by working with schools, NGOs, industrial houses, various communities and the general public as well.

The underlying theme is 'Donate for dignity' which encompasses city-wide initiatives inviting donations for material resources and redistributing them to the underserved segments of the society through NGOs and other civil service organisations.

The donation of materials can be anything from Vastra-Samman - the donation of clothes, blankets, and shawls to Ann-Daan – the donation and distribution of dry ration including rice, wheat, etc. The initiative also invites donation of unused medicines which can be contributed to the NGOs around the city.

The event was kick-started with the active participation of many dignitaries from around the city which included principals from reputed schools, leaders of the CSR wings of industrial houses and NGO administrators were briefed everyone about the plans for the initiatives.

It is urged that more donors come forward and bring joy to the lives of the under-served by truly living up to the spirit of 'Daan Utsav'. Social Initiative Group for Managerial Assistance, popularly known as SIGMA, was founded in year 2002 to work towards the social causes in and around Jamshedpur. The committee has taken up various social causes over the time, resulting in the reputation that is now associated with it. The SIGMA team also works in coherence and collaboration with the NGOs, and all the other concerned parties to make a better living for those around us. From the smallest acts of helping to the larger efforts in conducting city-level donation drives, the team works towards the social causes covering varying segments of the society.

PUBLICATION: Pioneer
DATE: 23 September 2018
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 4

Jean Dreze delivers Verghese Kurien Memorial Oration

PNS ■ JAMSHEDPUR

XLRI- Xavier School of Management on Saturday organised the 5th Dr Verghese Kurien Memorial Oration on Sustainable Development. Organised under the aegis of Fr Arrupe Center for Ecology and Sustainability (FACES), XLRI, in memory of the Founder of AMUL Dr. Verghese Kurien, otherwise known as "the Milkman of India", the oration aims to provide a platform to listen to and learn from thought leaders, social entrepreneurs, development sector professionals and policy makers who have made a significant contribution to the idea of an empowered, prosperous and sustainable society.

This year, Dr Jean Dreze, eminent development activist & economist delivered the oration on the topic "Economic Growth and Social Development".

The event was also graced by Fr E Abraham, SJ Director of XLRI and Dr Ashis K. Pani, Dean (Academics), XLRI and Dr Madhukar Shukla, Chairperson, Fr Arrupe Center for Ecology & Sustainability, XLRI.

In his speech, Dr. Jean Dreze spoke about various aspects of sustainable development and how society can play role in it.

In his address, Fr E Abraham, SJ Director of XLRI said, "The sunshine that Dr. Kurien brought in the lives of millions in the country will always be remembered with gratitude. We must acknowledge the immense contribution of Dr Verghese Kurien for his far-sighted vision in helping kick-start a co-operative milk movement that transformed India into the largest milk producing country in the entire world and also shaping a forward integration business model by helping create AMUL as the country's largest single food brand. In the process, we have secured self-sufficiency for India in the dairy sector propelling our nation towards a position of eminence on the global dairy map. Dr. Kurien's creation of community-owned co-operatives empowered millions of rural families, most of whom were landless and small farmers, in India."

"We decided to institute this Annual Oration to commemorate Dr Kurien's legacy - because his life and work exemplifies the model for a responsible management leader, combining business skills with the larger good of the society and nation-building," Fr Abraham added.

Remembering Dr. Kurien, Fr. Abraham further said, "XLRI's relationship with Dr. Kurien goes back to over 24 years. I personally had an enriching association with Dr Kurien and was greatly inspired with his visionary foresight and single-minded determination in executing his vision for the dairy sector and more importantly in helping raise the living standards of millions of rural milk producers across thousands of villages in India.

Economists Jean Dreze being felicitated by Tata Steel CEO and MD TV Narendran during the 5th Dr Verghese Kurien Memorial Oration on Sustainable Development at XLRI in Jamshedpur on Saturday Pioneer photo

PUBLICATION:Prabhat Khabar
DATE: 11 September 2018
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 17

22 को एक्सएलआरआइ में याद किये जायेंगे डॉ कुरियन

जमशेदपुर. एक्सएलआरआइ में 22 सितंबर को डॉ वर्गिस कुरियन मेमोरियल ऑरेशन का आयोजन किया जायेगा. जिसमें देश के आर्थिक व सामाजिक विकास पर व्याख्यान होगा. जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज शामिल होंगे. एक्सएलआरआइ में पांचवीं बार आयोजित उक्त ऑरेशन में इस बात पर चर्चा होगी कि किस प्रकार सामाजिक भागीदारी से देश के आर्थिक विकास को गति प्रदान की जा सकती है. एक्सएलआरआइ प्रबंधन ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि डॉ कुरियन ना सिर्फ थिंकर नहीं बल्कि सामाजिक उद्यमिता के क्षेत्र में उम्दा कार्य करने वाले थे. एक्सएलआरआइ के विद्यार्थियों को उनकी देन से अवगत कराने के लिए हर साल उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है. एक्सएलआरआइ के सीनियर प्रोफेसर मधुकर शुक्ला के निर्देशन में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा.

PUBLICATION: Prabhat Khabar
DATE: 21 September 2018
EDITION: Jamshedpur
PAGE: 17

एक्सएलआरआई में शिक्षा के तनाव पर कार्यशाला

जमशेदपुर. एक्सएलआरआई के सामर्थ्य टीम की ओर से गुरुवार को वार्षिक कार्यक्रम रिफ्लेक्शन का आयोजन हुआ. इस कार्यक्रम का विषय शिक्षा क्षेत्र में तनाव रखा गया. कार्यक्रम में अलग-अलग स्कूलों के विद्यार्थी अपने शिक्षकों और अभिभावकों के साथ शामिल हुए.

